
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-190 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) सोमवार 22 जून 2026 youngbharatE-paper.com


# यूपी में भाजपा का मास्टरस्ट्रोक, इस बार चुनावी मैदान में उतरेंगे बड़े चेहरे

## मंत्री से लेकर एमएलसी तक लड़ेंगे चुनाव

**(प्रधान सम्पादक)**

**( यंग भारत न्यूज )**




प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर बड़ी रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है. पार्टी इस बार वरिष्ठ मंत्रियों और विधान परिषद सदस्यों को भी सीधे चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी में है, जिससे उनकी जनाधार क्षमता और राजनीतिक प्रभाव का परीक्षण हो सके. प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई बड़े चेहरों को चुनाव लड़ाने पर मंथन चल रहा है. भाजपा की इस रणनीति को संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं में उत्साह और चुनावी मजबूती के नजरिए से महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

उत्तर प्रदेश में ऐसे मंत्री जो विधान परिषद के सदस्य हैं, उन्हें इस बार विधानसभा चुनाव की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी. जानकारी के अनुसार, मजबूत चुनावी तैयारी का संदेश देने और हर हाल में जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने के लिए पार्टी कई वरिष्ठ पदाधिकारियों को भी चुनाव मैदान में उतारने की है. पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कैबिनेट मंत्री में भाजपा के पांच नेता हैं जो विधान परिषद के सदस्य हैं, इनमें डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, स्वतंत्र देव सिंह, भूपेंद्र चौधरी, एके शर्मा और दारा सिंह चौहान जैसे पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी चुनाव मैदान में रहेंगे. हालांकि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पिछले बार भी सिराथू से चुनाव लड़े थे, लेकिन चुनाव हार गए थे. चुनाव हारने के बाद इन्हें डिप्टी सीएम बनाया गया और फिर विधान परिषद लाया गया. इन सभी पांच कैबिनेट मंत्रियों को चुनाव लड़ाने पर अंतिम सहमति बन चुकी है. इसके अलावा स्वतंत्र प्रभार वाले छह और तीन राज्य मंत्री हैं, जो विधान परिषद के सदस्य हैं. इनमें से भी ज्यादातर को इस बार विधानसभा चुनाव लड़ना होगा. भाजपा की योजना हाल ही में प्रदेश अध्यक्ष बने केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को भी विधानसभा चुनाव के मैदान में उतारने की है. पार्टी नेतृत्व का मानना है कि ओबीसी समुदाय में यादव बिरादरी के बाद सबसे मजबूत कुर्मी बिरादरी है. केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनाव मैदान में उतरने से पिछड़ा वर्ग में मजबूत संदेश जाएगा. हालांकि इस मामले में अंतिम निर्णय होना अभी बाकी है. अगर ऐसा हुआ तो सात बार लोकसभा चुनाव जीत चुके प्रदेश अध्यक्ष का यह पहला विधानसभा चुनाव होगा. सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में ओबीसी वोट बैंक में आई सेंध और समाजवादी पार्टी के बेहतर प्रदर्शन के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपनी रणनीति की व्यापक समीक्षा की है. 2019 की तुलना में वोट प्रतिशत कम हुई, जबकि सपा गठबंधन के मत प्रतिशत में बड़ा इजाफा देखने को मिला. इसका असर सीटों पर भी पड़ा और भाजपा की संख्या में कमी आई. माना जा रहा है कि इसी चुनौती से निपटने और संगठन की पकड़ मजबूत करने के लिए पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में अपने कद्दावर नेताओं और वरिष्ठ मंत्रियों को सीधे चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है.

# 'कहीं एसआईटी जांच की रिपोर्ट ही चोरी न हो जाए', राम मंदिर मामले में अखिलेश यादव का बड़ा बयान

**( यंग भारत न्यूज )**



अयोध्या के भव्य राम मंदिर में दानपात्र और चढ़ावे के गबन को लेकर चल रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) की तफ्तीश पर अब उत्तर प्रदेश की सियासत पूरी तरह गरमा गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस मामले को लेकर सरकार और जांच प्रणाली पर बेहद तीखा तंज कसा है। अखिलेश यादव ने एसआईटी जांच की निष्पक्षता और समय-सीमा पर गंभीर सवाल उठाते हुए आशंका जताई है कि इस पूरे मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की जा रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में मीडिया से बातचीत और अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए सरकार को घेरते हुए कहा, 'जिस तरह से राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी हुई है, उसे देखते हुए डर है कि कहीं इस मामले की जांच कर रही एसआईटी की रिपोर्ट ही चोरी न हो जाए।' उन्होंने जांच रिपोर्ट सौंपने में हो रही देरी और समय बढ़ाए जाने पर चुटकी लेते हुए आगे कहा, 'सरकार और जांच एजेंसियां जांच के दिन सिर्फ इसलिए बढ़ा रही हैं ताकि इस बीच घोटाले से जुड़े सभी अहम सबूतों को ठिकाने लगाया जा सके। दिन बढ़ाने के बाद ये फिर जनता से कहेंगे कि 15 दिन का और इंतज़ार कर लो। आपको बता दें कि एसआईटी जांच में हाल ही में सीसीटीवी से 8 महीने का डेटा डिलीट होने और वित्तीय पारदर्शिता में बड़ी कमियां मिलने के खुलासे के बाद विपक्ष लगातार हमलावर है। अखिलेश यादव के इस बयान ने सरकार की घेराबंदी को और मजबूत कर दिया है। समाजवादी पार्टी अब इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाने और राम नाम पर हो रही कथित अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की मांग पर अड़ गई है।

## सुर्खियां.............

### निःशुल्क नेत्र शिविर आज सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की टीम आएगी

**( यंग भारत न्यूज )**

**कोंच** एसएन गुप्ता पब्लिक स्कूल सहकारी क्रय विक्रय समिति के सामने बड़ा मील में 22 जून सोमवार को निःशुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त कैंप में चित्रकूट के भरोसेमंद संस्थान सदगुरु नेत्र चिकित्सालय की टीम नेत्र रोगियों का परिक्षण करेगी और आवश्यक जांच व सलाह दी जाएगी। यह जानकारी एसएन गुप्ता पब्लिक स्कूल के संस्थापक शिविर आयोजक सुरेश गुप्ता बाबूजी एवं राहुल गुप्ता ने आह्वान किया कि नेत्र रोगी इस निःशुल्क शिविर का लाभ जरूर उठाएं। शिविर में नेत्र रोगियों का परिक्षण किया जाएगा

### कैलिया पुलिस ने चोरी की बाइक सहित चोर को दबोचा

**( यंग भारत न्यूज )**

**कोंच** चोरी हुई बाइक के मामले में थाना कैलिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के अंदर बाइक बरामद कर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजकुमार निगम, रूपेंद्र पाल सिंह, सिपाही अनिल कुमार एवं अजय शर्मा ने थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी की मोड़ से बाइक चोर मजीद खां पुत्र उस्मान खां निवासी ग्राम नरी को चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ दबोच लिया।

### ग्राम लौना में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** ग्राम लौना में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन गौ रक्षा दल के झांसी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल रेणुका सिसोदिया एवं महिला कांस्टेबल शिवानी यादव ने उपस्थित महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया।

# अप्रूवल-रिजेक्शन-डिसेबल के लिए नहीं आना होगा लखनऊ

## यूपी में आयुष्मान कार्डधारकों को बड़ी राहत

**( यंग भारत न्यूज )**




प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के लिए एक बड़ी राहत भरी व्यवस्था लागू की गई है।

अब आयुष्मान कार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए लाभार्थियों को राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (साचीज) के लखनऊ स्थित कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनकी समस्याओं का निस्तारण अब जिला स्तर पर ही किया जा सकेगा। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि आयुष्मान भारत योजना का वास्तविक लाभ तभी पात्र लोगों तक पहुंचे। उन्हें बिना किसी अनावश्यक परेशानी के समय पर सेवाएं उपलब्ध हों। यही वजह है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ), नोडल आयुष्मान अधिकारियों तथा जिला कार्यान्वयन इकाई की टीमों को विशेष तकनीकी आईडी उपलब्ध करा दी गई है। इसके माध्यम से अब जिला स्तरीय अधिकारी आयुष्मान कार्ड के अप्रूवल, रिजेक्शन और कार्ड को डिसेबल करने जैसी तकनीकी प्रक्रियाओं का स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान कर सकेंगे। इस व्यवस्था से लाभार्थियों का समय और धन दोनों बचेगा तथा सेवाएं पहले की तुलना में अधिक तेजी से उपलब्ध होंगी। वहीं, साचीज ने गुणवत्तापूर्ण उपचार और अस्पतालों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल शुरू की हैं। एजेंसी का उद्देश्य एक ओर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है तो दूसरी ओर ईमानदारी से कार्य करने वाले अस्पतालों को समय पर भुगतान देकर उन्हें प्रोत्साहित करना भी है। दावों (क्लेम) के निस्तारण और भुगतान प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और तेज बनाने के लिए लगातार सुधार किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में भुगतान लंबित होने को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है और लगभग 500 करोड़ रुपये की देयता ही लंबित है। उत्तर प्रदेश में दावा निस्तारण एवं भुगतान का औसत टर्न-अराउंड टाइम लगभग 57 दिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 73 दिन है। यह उपलब्धि प्रदेश में लागू की गई प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था और तकनीकी सुधारों को दर्शाती है। सीईओ ने बताया कि कई बार अस्पतालों द्वारा आवश्यक दस्तावेज समय पर या पूर्ण रूप से प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण दावे अस्वीकृत हो जाते हैं। इससे अस्पतालों को भुगतान प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए एजेंसी विभिन्न चरणों में ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इन प्रशिक्षणों में अस्पतालों को दावा प्रस्तुत करने की सही प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों की जानकारी और स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट गाइडलाइन्स के अनुरूप उपचार एवं दावा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अस्पताल पहली बार में ही सही और पूर्ण दावा प्रस्तुत कर सकेंगे। इससे दावों की अस्वीकृति कम होगी और भुगतान प्रक्रिया और अधिक तेज एवं पारदर्शी बनेगी। इससे मरीजों और अस्पतालों दोनों को लाभ मिलेगा। दूसरी ओर केवल गुणवत्तापूर्ण और लाभार्थी हितैषी अस्पतालों को बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी भी की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में गुणवत्ता मानकों का पालन न करने तथा विभिन्न अनियमितताओं के कारण लगभग 200 अस्पतालों को योजना से डी-एम्पैनल किया गया है। यह कार्रवाई स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है।

यूपी में आयुष्मान कार्डधारकों को बड़ी राहत, अब जिले में ही होगा समस्याओं का समाधान

अप्रूवल, रिजेक्शन, कार्ड डिसेबल जैसी प्रक्रियाओं के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे लखनऊ के चक्कर

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आयुष्मान सेवाओं का विस्तार, जिला स्तर पर बढ़ी सुविधा

सीएमओ और जिला आयुष्मान टीमों को मिले विशेष अधिकार, लाभार्थियों को मिलेगा त्वरित समाधान

राष्ट्रीय औसत से बेहतर यूपी का प्रदर्शन, 57 दिन में हो रहा क्लेम का निस्तारण

यूपी के 300 अस्पतालों का कराया जा रहा फील्ड ऑडिट

उत्तर प्रदेश के करीब 300 अस्पताल ऐसे चिन्हित किए गए हैं, जिनके विरुद्ध अपकोडिंग अथवा संदिग्ध दावों के माध्यम से अनुचित भुगतान प्राप्त करने की आशंका सामने आई है। ऐसे अस्पतालों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं और उनके विरुद्ध विस्तृत फील्ड ऑडिट कराया जा रहा है। जांच में अनियमितता प्रमाणित होने पर संबंधित अस्पतालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इससे योजना की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को और मजबूती मिलेगी। साचीज का स्पष्ट लक्ष्य है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत केवल वही अस्पताल सक्रिय रहें, जो निर्धारित मानकों के अनुरूप लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान कर रहे हैं। ऐसे अस्पतालों को प्रोत्साहित किया जाएगा तथा उनके दावों और भुगतान के निस्तारण को किया जाएगा।

## भाजपा के सुशासन को दम से बट्टा लगा रहे लघु सिंचाई के भृष्ट अभियंता, किसानों को भी ठग रहे और लूट रहे सरकार का खजाना

# लंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतों में गले तक डूबा लघु सिंचाई विभाग के कारनामे अब डीएम के रडार पर




**( यंग भारत न्यूज )**

**उरई ( जालौन )।** जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लघु सिंचाई विभाग द्वारा कराई गई मध्यम एवं गहरी बोरिंग नलकूप योजनाओं की व्यापक जांच की तैयारी शुरू हो गई है। किसानों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों, किसान यूनियन के विरोध तथा किसान दिवस में उठाए गए मामलों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को समस्त बोरिंग कार्यों का तथ्यात्मक विवरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

पिछले कई महीनों से किसान यूनियन और विभिन्न क्षेत्रों के कृषक लघु सिंचाई विभाग पर अनियमितताओं, मानकविहीन निर्माण कार्यों और फेल बोरिंग कराने के आरोप लगाते रहे हैं। किसानों का कहना था कि विभाग द्वारा कराई गई कई बोरिंग या तो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं अथवा कुछ समय बाद ही बंद हो गई, जिससे उन्हें सिंचाई का अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। इसके बावजूद उनकी शिकायतों का समय पर निस्तारण नहीं किया गया। किसान दिवस में भी यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि विभागीय स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण पात्र किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई किसानों ने फेल बोरिंग और अधूरे कार्यों की शिकायतें प्रशासन के समक्ष दर्ज कराई थीं। इन शिकायतों के आधार पर जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए सत्यापन के आदेश जारी किए हैं। जिलाधिकारी द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभाग द्वारा कराई गई समस्त मध्यम एवं गहरी बोरिंग नलकूपों की पूर्ण विवरण सूची तैयार कर दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराई जाए। मांगी गई सूचना में प्रत्येक लाभार्थी अथवा कृषक का नाम एवं पूरा पता तहसीलवार दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि संबंधित बोरिंग मध्यम श्रेणी की है या गहरी बोरिंग के अंतर्गत स्वीकृत की गई थी। प्रशासन ने प्रत्येक कार्य की स्वीकृति संख्या, स्वीकृति की तिथि तथा उस पर व्यय की गई धनराशि का पूरा ब्यौरा भी तलब किया है। साथ ही कार्य पूर्ण होने की तिथि और वर्तमान स्थिति का भी उल्लेख करना अनिवार्य किया गया है। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि जिन योजनाओं पर सरकारी धन खर्च किया गया, वे वास्तव में धरातल पर संचालित हैं या नहीं। सूत्रों के अनुसार सत्यापन के दौरान उन बोरिंगों की विशेष जांच की जाएगी जिनके संबंध में किसानों द्वारा शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, मानकविहीन कार्य या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयावधि में सूचना उपलब्ध न कराए जाने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित अधिकारी प्रकरण को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्रशासन की इस सख्ती को किसानों की शिकायतों के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। किसान संगठनों ने जिलाधिकारी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई गई तो लंबे समय से लंबित कई मामलों का खुलासा हो सकेगा और प्रभावित किसानों को न्याय मिलेगा। वहीं किसानों को उम्मीद है कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी तथा भविष्य में सिंचाई योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पात्र किसानों तक पहुंच सकेगा।

- डीएम को दो दिवस में रिपोर्ट न देने वाले अधिकारी होंगे दंड के भागीदार
- सहायक अभियंता जादौन अपने को डीएम का खास बताकर मामला दबाने में जुटा

- लगातार बैठकों में कई जा रहीं किसान यूनियन तथा किसान दिवसों की भारी भरकम शिकायतों का डीएम ने अब लिया संज्ञान
- तहसीलवार होगा गहरी और मध्यम बोरिंगों का सत्यापन
- डीएम ने मांगा लाभार्थियों, खर्च और कार्य की स्थिति का पूरा ब्यौरा

# नगर के विभिन्न स्थानों पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## विधायक, पालिकाध्यक्ष सहित कई लोगो ने किया योग





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को नगर पालिका परिषद कोंच द्वारा सरोजिनी नायडू पार्क में, भाजपा नगर कार्यकारिणी द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर मंडी और राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा मैथिलीशरण गुप्त पार्क में आयोजित योग शिविर में विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए।

पार्क में आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ रमन ने व्यायायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, भुजंगासन, मकरासन तथा अनुलोम विलोम, कपालभाती आदि प्राणायाम कराए। विधायक ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में उतारने का आह्वान किया। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसके फायदे गिनाए। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव, चिकित्साधिकारी राजकीय होम्योपैथिक डॉ ज्ञानचंद्र, चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक डॉ भूपेंद्र परिहार सहित सभासदगण, पालिका कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा पुराने सरकारी अस्पताल परिसर में स्थित मैथिलीशरण गुप्त पार्क में आयोजित योग शिविर में प्रशिक्षिका रजनी डेंगरे एवं आरएसएस की महिला कार्यवाहिका निधि सिंघल ने योग क्रियाओं सहित आसन और प्राणायाम कराया। योग शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। भाजपा नगर इकाई द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में आयोजित योग शिविर में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश निरंजन ने योग क्रियाएं कराई। इस अवसर पर विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, विद्यालय के प्रबंधक आनंद समरया, अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य एनडी जोशी के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता और विद्यालय स्टॉफ के लोग उपस्थित रहे। वहीं एमपीडीसी कॉलेज में एनसीसी 58 उप्र बटालियन द्वारा आयोजित योग शिविर में कॉलेज स्टॉफ सदस्यों सहित एनसीसी कैडेट्स, रोवर्स रेंजर्स के अलावा अन्य सभी छात्र छात्राओं ने योग क्रियाएं करते हुए योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह, एनसीसी प्रभारी डॉ हरिश्चंद्र तिवारी, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी डॉ भूपेंद्र त्रिपाठी, आदि उपस्थित रहे। एसआरपी इंटर कॉलेज में भी एनसीसी प्रभारी विजय वर्मा की देखरेख में योग शिविर आयोजित किया गया। राठौर सेवा समिति द्वारा धनुताल के तट पर योग शिविर आयोजित किया गया जहां सर्वसमाज के तमाम लोगों ने उपस्थित रहकर योग क्रियाएं की, तदोपरांत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ग्राम अंडा में पौधारोपण किया गया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष राजेश राठौर, वंदना राठौर, दिलीप राठौर, टिंकल राठौर, पंकज राठौर, टिंकल राठौर, अंकुर राठौर, अनूप राठौर, डॉ विकास राठौर, गौरीशंकर राठौर आदि मौजूद रहे।

सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय में भी पूरे उत्साह के साथ योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य डॉ सत्यप्रताप सिंह ने योग आसन कराया। इस मौके पर कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर, प्रभारी प्राचार्य बृजेंद्र निरंजन सहित स्टॉफ सदस्य एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# नदीगांव के लाडूपुरा बिना काम कराए सरकारी धन का गबन करने का ग्रामीणो ने लगाया आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नदीगांव ब्लॉक के ग्राम लाडूपुरा में बिना काम कराए सरकारी धन उदरस्थ कर लिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के रहने वाले दिनेश पुत्र रामचरण समेत अन्य ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में कराए गए समतलीकरण कार्य के नाम पर कथित अनियमितताओं और फर्जी भुगतान का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। हालांकि मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यों के नाम पर कई योजनाओं में कागजों पर कार्य दर्शाकर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया, जबकि वास्तविकता में मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। इस प्रकार सरकारी अभिलेखों में कार्य पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। शिकायती पत्र में विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ग्राम शाहूपुरा में दर्शाए गए एक समतलीकरण कार्य का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता दिनेश का कहना है कि उनके खेत पर समतलीकरण कार्य दिखाया गया है और संबंधित वर्क आईडी के आधार पर लगभग 1 लाख 28 हजार 800 रुपये का भुगतान भी कर दिया गया, जबकि उनके खेत पर किसी प्रकार का समतलीकरण कार्य नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना कार्य कराए ही भुगतान किए जाने से सरकारी धन की हानि हुई है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम हेमंत पटेल ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को नियमानुसार जांच के निर्देश देने और आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

# रात के अंधेरे में अधूरी पड़ी पुलिया में समाई कार, बाल-बाल बचे सवार, क्षतिग्रस्त हुई कार

## जानलेवा साबित हो रही है कनासी और खैराई के बीच आधी-अधूरी पड़ी पुलिया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** आधी-अधूरी पड़ी पुलिया राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। सड़क निर्माण के बाद अधूरी पड़ी छोड़ दी गई पुलिया के आसपास कमोवेश हर रोज हादसे हो रहे हैं। कोंच-नदीगांव रोड पर सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी के कारण उक्त निर्माणाधीन पुलिया का गड्ढा नहीं दिखा और एक कार उसमें जा गिरी। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार लोग सुरक्षित बच गए, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।लहार से एट जा रहे कार सवार शुक्रवार रात नदीगांव-कोंच रोड से गुजर रहे थे। ग्राम सदुपुरा और खैराई के बीच निर्माणाधीन पुलिया के पास सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट कार चालक की आंखों पर पड़ी तो चालक को पुलिया का गड्ढा दिखाई नहीं दिया और कार अनियंत्रित होकर सीधे उसी पुलिया के गड्ढे में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर नदीगांव थानाध्यक्ष शशिकांत सिंह चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि कार में दो लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि निर्माणाधीन पुलिया के पास पर्याप्त संकेतक नहीं लगाए गए हैं, जिससे रात के समय वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

# किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई** । विकास खंड सभागार में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के संबंध में जानकारी देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों को योजना के लाभ एवं सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में बीज गोदाम प्रभारी रवि कुमार सैन ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों के बैंक खातों में 23वीं किस्त की धनराशि भेज दी गई है। उन्होंने किसानों से अपने बैंक खातों की जांच करने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करने की अपील की। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में सहयोग मिल रहा है। किसानों को समय-समय पर अपनी ई-केवाईसी, भूलेख सत्यापन और बैंक खाते की जानकारी अपडेट कराते रहना चाहिए, ताकि योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे। उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग तथा कृषि विभाग की अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही किसानों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी कराने के नाम पर 73 हजार रुपये की ठगी किए जाने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी कराने के नाम पर 73 हजार रुपये की ठगी किए जाने का आरोप लगाते हुए वर पक्ष के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सिरसाकलार क्षेत्र के ग्राम नगरी निवासी रामपाल पुत्र मोहनलाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने पुत्र शीलू का विवाह कराने के लिए एक 'विशाल सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन' का प्रचार-प्रसार संबंधी पर्चा देखा था। पर्चे में दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क करने पर उसकी बातचीत जनपद झांसी के समथर निवासी आकाश कुमार नामदेव से हुई। आरोप लगाया कि बीती पांच जून को सामूहिक विवाह का आयोजन कराने वाले व्यक्ति एवं कन्या पक्ष के साथ नगर स्थित बाराही देवी मेला ग्राउंड के मंदिर परिसर में मुलाकात हुई। इस दौरान विवाह की प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर उसने आकाश कुमार को 73 हजार रुपये जमा करा दिए। बताया गया था कि 22 जून को बाराही देवी मेला मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी संपन्न करा दी जाएगी।पीड़ित का आरोप है कि निर्धारित तिथि नजदीक आने पर उसने कई बार संबंधित व्यक्ति से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका फोन नहीं उठा। बाद में जानकारी मिली कि कथित आयोजक लोगों को सामूहिक विवाह का झांसा देकर उनसे धनराशि जमा कराते हैं और फिर संपर्क तोड़ देते हैं। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस बाबत कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आयोजन से संबंधित कागजात मांगे गए हैं। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

# राजकीय फुंदी सिंह लौना महाविद्यालय में बीएससी (विज्ञान संकाय) की कक्षाएं संचालित ना होने से छात्र परेशान

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर स्थित राजकीय फुंदी सिंह लौना महाविद्यालय में अभी तक बीएससी (विज्ञान संकाय) की कक्षाएं संचालित नहीं हो रही हैं। जिससे नगर एवं आसपास के क्षेत्रों के विज्ञान विषय के गरीब छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए मजबूरी में निजी महाविद्यालयों की शरण लेनी पड़ रही है, जहां उन्हें मनमानी फीस चुकानी पड़ती है।

राजकीय फुंदी सिंह महाविद्यालय में वर्तमान में आर्ट्स (कला) और कॉमर्स (वाणिज्य) संकाय की कक्षाएं संचालित हैं, जबकि विज्ञान विषय की पढ़ाई की सुविधा नहीं है। नगर सहित कई गांवों से आने वाले छात्र विज्ञान विषय में स्नातक करना चाहते हैं, लेकिन राजकीय कॉलेज में यह विकल्प न होने के कारण उन्हें प्राइवेट कॉलेजों का रुख करना पड़ता है, जो आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डालता है। प्राइवेट कॉलेजों द्वारा मनमाने ढंग से फीस वसूली की जा रही है, जिससे गरीब छात्रों का आर्थिक शोषण हो रहा है। कई छात्र तो अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं, क्योंकि वे भारी भरकम फीस वहन नहीं कर पाते। महाविद्यालय में बीएससी की कक्षाएं शुरू होने से स्थानीय व आसपास के छात्रों को कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। छात्र-छात्राओं को दूसरे शहरों या निजी संस्थानों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही महाविद्यालय की शैक्षणिक छवि और संसाधनों का विस्तार होगा।भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनव सिंह राजावत ने इस समस्या को पिछले वर्ष प्रभारी मंत्री संजय गंगवार के समक्ष उठाया था तथा मांग पत्र देकर विज्ञान संकाय संचालित कराने के साथ महाविद्यालय परिसर में शिक्षक आवासों का निर्माण कराने की मांग की थी जो अभी तक अधूरी पड़ी है।

# निःशुल्क नेत्र शिविर आज सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की टीम आएगी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एसएन गुप्ता पब्लिक स्कूल सहकारी क्रय विक्रय समिति के सामने बड़ा मील में 22 जून सोमवार को नि:शुल्क नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त कैंप में चित्रकूट के भरोसेमंद संस्थान सदगुरु नेत्र चिकित्सालय की टीम नेत्र रोगियों का परिक्षण करेगी और आवश्यक जांच व सलाह दी जाएगी। यह जानकारी एसएन गुप्ता पब्लिक स्कूल के संस्थापक शिविर आयोजक सुरेश गुप्ता बाबूजी एवं राहुल गुप्ता ने आह्वान किया कि नेत्र रोगी इस नि:शुल्क शिविर का लाभ जरूर उठाएं। शिविर में नेत्र रोगियों का परिक्षण किया जाएगा व जिन लोगों की आंखों में मोतियाबिंद होगा उनका ऑप्रेशन भी नि:शुल्क चित्रकूट में किया जाएगा। मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों को उसी दिन कोंच से नि:शुल्क बस द्वारा चित्रकूट ले जाया जाएगा व वहां पर उनका नि:शुल्क ऑपरेशन होगा। इसी प्रकार मां शारदा एंड संस् मुकेश शिवहरे गल्ला मंडी के सामने एट में भी उसी दिन कैंप लगाया जाएगा। परीक्षण के लिए आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लाना जरूरी।

# कैलिया पुलिस ने चोरी की बाइक सहित चोर को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** चोरी हुई बाइक के मामले में थाना कैलिया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के अंदर बाइक बरामद कर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजकुमार निगम, रूपेंद्र पाल सिंह, सिपाही अनिल कुमार एवं अजय शर्मा ने थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी की मोड़ से बाइक चोर मजीद खां पुत्र उस्मान खां निवासी ग्राम नरी को चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक के साथ दबोच लिया। पुलिस द्वारा आरोपी मजीद को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब हो कि नरी गांव निवासी अब्दुल रहमान ने अपनी उक्त बाइक चोरी हो जाने पर बीती 19 जून को थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। पुलिस दफा 305, 331(3) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर बाइक बरामदगी और अभियुक्त को पकड़ने में जुट गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध दर्ज मुकदमे में दफा 317(2) की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त पर पहले से पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य मुकदमे दर्ज हैं।

# ग्राम लौना में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम लौना में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन गौ रक्षा दल के झांसी मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल रेणुका सिसोदिया एवं महिला कांस्टेबल शिवानी यादव ने उपस्थित महिलाओं को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया। साथ ही महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करने एवं समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिलाओं को जलपान एवं शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

# 12वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नगर में जगह जगह योग शिविरों का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नगर में जगह-जगह योगाभ्यास किया गया। नगर में संचालित सरकारी कार्यालयों में योगाभ्यास कराया गया, जिसमें अधिकारी कर्मचारियों के साथ नगरवासियों ने योग किया।

12वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर नगर में जगह जगह योग शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने पहुंचकर योगाभ्यास किया और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के योग प्रशिक्षक डां रमन कुमार दीक्षित व योग सहायक विवेक सिंह के नेतृत्व में मुख्य कार्यक्रम श्रीबाराही देवी मेला एवं विकास प्रदर्शनी प्रांगण में हुआ। जहां योगाभ्यास कराया गया जिसमें एसडीएम रिंकू सिंह राही, एसडीएम न्यायिक विश्वेश्वर सिंह, प्रभारी तहसीलदार तारा शुक्ला, नायब तहसीलदार सतेन्द्र गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, डां पूजा सिंह राजपूत, रविन्दर सलूजा, आरआई अनूप कुमार, प्रियंका सिंह, सोनू, अजीत रतन , राहुल आदि लोगों ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक ने सभी को स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 30 मिनट प्रतिदिन योग करने की सलाह दी तथा दिनचर्या को व्यवस्थित रखने के खानपान पर ध्यान देने की सलाह दी। सरस्वती शिशु मन्दिर में रास्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा योगदिवस मनाया गया योगदिवस के अवसर पर योगगुरु वाचस्पति मिश्रा ने विभिन्न योग कराए और योग के महत्व समझाये और लोगो ने योग भी किए। योगदिवस के अवसर पर शिवराम महाजन, सीताराम हुंका, अमित सोनी, उदय गुर्जर, विवेक तोमर, पुनीत अग्रवाल, हरिशचंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी योगाभ्यास कराया गया जिसमें अधीक्षक डां केडी गुप्ता के साथ चिकित्सालय के चिकित्सक व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। भारत विकास परिषद की छत्रसाल व प्रमुख द्वारा भी योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक योगेश कुलश्रेष्ठ ने योगाभ्यास कराया, जिसमें आलोक खरे, राजीव माहेश्वरी, अनन्त गुप्ता, पवन अग्रवाल, अनिरुद्ध विश्नोई, अजय बाथम, दीपक श्रीवास्तव, जितेन्द्र सिंह आदि ने योगाभ्यास किया। इस दौरान पौधरोपण और फल वितरण भी किया गया। कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, एसआई अमर सिंह, निसार अहमद, अजयवीर सिंह, यादराम, अशोक कुमार, जितेंद्र सिंह फौजी, आदि रहे।

# योग की शक्ति से स्वस्थ भारत का संकल्प, जनपद में 9 लाख लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

## प्रधानमंत्री के वैश्विक योग संदेश और मुख्यमंत्री के स्वस्थ उत्तर प्रदेश संकल्प को जालौन ने जनभागीदारी से दिया नया आयाम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद योगमय वातावरण में डूबा नजर आया। इस वर्ष की थीम 'Yoga for Healthy Ageing (स्वस्थ आयु के लिए योग)' को आत्मसात करते हुए पुलिस लाइन उरई में आयोजित मुख्य जनपदीय कार्यक्रम से लेकर ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अमृत सरोवरों, सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं सामाजिक संस्थाओं तक सामूहिक योगाभ्यास का भव्य आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि गोसेवा आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश शासन के सचिव कृषि एवं जनपद के नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि महेश कुमार शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग भारत की सीमाओं से निकलकर पूरी दुनिया की जीवनशैली का हिस्सा बना है। योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर को निरोग, मन को शांत और विचारों को सकारात्मक बनाता है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में योग, स्वास्थ्य और अनुशासन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि इंद्रविक्रम सिंह ने कहा कि योग भारत की सांस्कृतिक पहचान और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। जीवनशैली से जुड़ी चुनौतियों के इस दौर में योग स्वस्थ, संतुलित और दीर्घायु जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाकर भारत की गौरवशाली परंपरा को विश्व के सामने स्थापित किया है। योग केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठ पद्धति है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि आज जालौन जनपद ने योग के प्रति अपनी जागरूकता और प्रतिबद्धता का ऐतिहासिक उदाहरण प्रस्तुत किया है। पुलिस लाइन उरई के मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद की सभी ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अमृत सरोवरों, सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और सामाजिक संस्थाओं में लगभग 9 लाख लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जालौन, स्वस्थ उत्तर प्रदेश और स्वस्थ भारत का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के 'योग से निरोग' के वैश्विक संदेश और मुख्यमंत्री के स्वस्थ एवं सशक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प में जनपद की सक्रिय भागीदारी का प्रतीक है। योग अनुशासन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और मानसिक संतुलन प्रदान करता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन योग को जीवन का हिस्सा बनाए, तो स्वस्थ समाज का लक्ष्य सहज रूप से प्राप्त किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि योग तनावमुक्त जीवन और मानसिक दृढ़ता का सबसे प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से कार्यक्षमता, एकाग्रता और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।

पूरे जनपद में विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला समूहों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 का यह भव्य आयोजन जनपद में जनसहभागिता, स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन और सामाजिक एकजुटता का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरा।

# पुरानी स्कूल बसें सड़क पर मिलीं तो होंगी सीज, एआरटीओ ने जारी की चेतावनी

## परमिट, फिटनेस और बीमा का समय पर कराएं नवीनीकरण, अभियान चलाकर होगी सख्त कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन** । जनपद के स्कूलों में संचालित पुराने और मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले वाहनों पर परिवहन विभाग शिकंजा कसने जा रहा है। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार ने सभी विद्यालय संचालकों, प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए हैं कि जिन स्कूली वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा अथवा प्रदूषण प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, उनका तत्काल नवीनीकरण करा लें। ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एआरटीओ ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार निर्धारित आयु सीमा (मॉडल कंडीशन) पूरी कर चुके स्कूली वाहनों का संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे वाहन तकनीकी रूप से असुरक्षित होने के साथ पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक हैं और स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी शिक्षण संस्थान अपने यहां संचालित वाहनों की जांच कर लें और आयु सीमा पूरी कर चुके वाहनों का संचालन तत्काल बंद कर दें। ऐसे वाहनों के परमिट भी निरस्त कराए जाएंगे। परिवहन विभाग जल्द ही विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएगा। अभियान के दौरान यदि कोई प्रतिबंधित या मानकों के विपरीत स्कूली वाहन सड़क पर चलता मिला तो उसे तत्काल सीज करने के साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# भारतीय किसान यूनियन ने मूंग खरीद केंद्र खोले जाने, डीएपी

## यूरिया खाद मिले यथा नलकूपों के टूटे पोल बदले जाएं

( यंग भारत न्यूज )



**उर ई।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गल्ला मंडी स्थित सभागार में की गई। मासिक पंचायत बाबूराम करमेर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मासिक पंचायत में रभारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह यादव ने कहा कि पिछले महीने 28 म ई को जनपद में आयेभीषण आंधी तूफान में सरकारी और निजी नलकूप के विद्युत पोल टूट कर गिर गए हैं। उनको तत्काल ठीक कराया जाए। इसके अलावा आगामी खरीफ की फसल की समय से धान की रोपाई हो सके इसके लिए उन्होंने कहा कि किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए। जिला अध्यक्ष डॉ द्विजेंद्र सिंह ने सरकारी और सहकारी और निजी केंद्रो पर धान की बुवाई का नजदीक है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी केदो पर डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए। जिसकी वजह से किसने की समय पर बुवाई हो सके। दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से मूंग के खरीद के लिए अभी तक मूंग खरीद केंद्र नहीं खोले गए। जिसकी वजह से किसान कम दामों में गल्ला मंडी में अपनी मूंग बेच रहे हैं। जिसकी वजह से किसानों को एम एस पी मूल्यो का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मंडल अध्यक्ष बृजेश राजपूत ने कहा कि नहरों और रजवाहा की सफाई हेड से टेक कराई जाने से नहर ओवरफ्लो होकर उनका पानी खेतों में जाता है। जिसकी वजह से खड़ी फसल में पानी भरने से नुकसान होता है। उन्होंने तत्काल नर और रजवाहा को साफ करने के लिए कहा है। इसके अलावा सरकारी नलकूपों को यांत्रिक और विद्युत दोष से बंद पड़े नलकूपों को शीघ्र ठीक कराया जाए। जिससे धान की बुवाई सही समय से हो सके। पंचायत में मुख्य रूप से भगवान दास मास्टर चंद्रमोह निरंजन भवन राजपूत चतुर सिंह पटेल बबलू महाराज भगत सिंह रामकुमार राजा भैया आनंद कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

# नीट (यूजी)-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न

## - डीएम व एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण, कड़ी निगरानी में संपन्न हुई परीक्षा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** नीट (यूजी) – 2026 परीक्षा रविवार को जनपद में निर्धारित पांच परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा को नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 1,677 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,536 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की, जबकि 141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा एकल पाली में दोपहर 2 बजे से सायं 5:15 बजे तक आयोजित की गई।



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की सघन जांच, बायोमेट्रिक सत्यापन तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने हेतु प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस बल की तैनाती की गई थी। परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों की सतत निगरानी की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभ्यर्थियों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के लिए समुचित पुलिस व्यवस्था की गई थी। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एवं अवांछनीय गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा गया, जिससे परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर निहारी घाट में हुआ भव्य योग शिविर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी –उरई ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार प्रात: यमुना नदी के पावन तट स्थित निहारी घाट पर भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। प्राकृतिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योग और प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का आयोजन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के तत्वावधान में चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूर्णिमा चटर्जी की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अमित शेखर, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक राजयोगिनी रजनी पाल ने प्रतिभागियों को योग के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन का आधार है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, वज्रासन, मत्स्यासन, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। यमुना तट के शांत और मनोहारी वातावरण में योगाभ्यास कर लोगों ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन का भी प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, निरोगी और जागरूक समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। योग शिविर ने लोगों में स्वास्थ्य के प्रति नई चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया

# अटरिया में पुरानी रंजिश में दलित युवक को मारी गोली

## इलाज हेतु रिफर, पांच अभियुक्तों के विरुद्ध नाम दर्ज मुकदमा कायम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** थाना आटा क्षेत्र के ग्राम अटरिया में एक युवक पर कथित फायरिंग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना आटा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई भेजा गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अटरिया निवासी संजीव कुमार अहिरवार ने पुलिस को सूचना दी कि उनके विपक्षियों द्वारा उन पर फायरिंग की गई, जिससे उनके बाएं हाथ में चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति फिलहाल सामान्य है तथा वह खतरे से बाहर हैं। पुलिस ने घायल के परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर पांच नामजद आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में विवेचनात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना स्थल पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है तथा मामले की गहन जांच जारी है।

# डकोर विकास खंड परिसर में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## भगवान धन्वन्तरि पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ, सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास खंड डकोर परिसर में रविवार को उत्साह एवं उल्लास के साथ योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी रमेश सिंह ने भगवान धन्वन्तरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया।

योग शिविर का संचालन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुसमरिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राम सिंह यादव के निर्देशन में किया गया। योग प्रशिक्षक बादाम सिंह यादव एवं अवधेश कुमार ने उपस्थित लोगों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने नियमित योग करने के लाभ बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। खंड विकास अधिकारी रमेश सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने सभी लोगों से स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जगमोहन यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, महेंद्र सिंह यादव, ठाकुर दास, नीरज सहित विकास खंड के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी योग शिविर में भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण संघ एवं ग्रामवासियों ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया। योग दिवस के अवसर पर पूरे परिसर में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने नियमित योग करने का संकल्प दोहराया।

# राम मंदिर में कथित चंदा चोरी प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग, आप ने चलाया जनजागरण अभियान

## जिलाध्यक्ष बोले- मंदिर निधि का पूरा हिसाब सार्वजनिक किया जाए

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आम आदमी पार्टी, जालौन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट विनय चौरसिया ने राम मंदिर में हुए कथित चंदा चोरी प्रकरण की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि इस मामले से देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं, इसलिए मंदिर में प्राप्त दानराशि के उपयोग में पूर्ण पारदर्शिता होना अत्यंत आवश्यक है। जिलाध्यक्ष विनय चौरसिया ने कहा कि भगवान श्रीराम देश की आस्था और विश्वास के प्रतीक हैं। ऐसे में राम मंदिर से जुड़े किसी भी वित्तीय मामले में उठ रहे प्रश्नों का जवाब देश की जनता को मिलना चाहिए। यदि मंदिर निधि के उपयोग में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता हुई है तो उसकी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए दान का उपयोग किस प्रकार किया गया, इसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए, जिससे लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जनपद जालौन के उरई, कालपी एवं कोंच सहित विभिन्न स्थानों पर जनजागरण अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच पहुंचकर राम मंदिर में हुए कथित चंदा चोरी प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा मंदिर निधि का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने की मांग उठाई।इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रखर बाजपेई, गौरव चौधरी, भूपसिंह राजपूत, रामदेव गांधी, महिला जिलाध्यक्ष कोमल सोनकर, पन्नालाल कुशवाहा, रिंकू सिंह, आदर्श कुमार, धीरेन्द्र चौधरी, आबिद खान, सर्वेश चौहान, आराम सिंह चौहान, हरिशंकर यादव, रिषभ कुमार, रामकिशोर, पुष्पा सोनकर, सोनी सोनकर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच बच्चों की माँ की सड़क दुर्घटना में मौत

## -परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़



( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । कालपी कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए शादी समारोहों में भोजन बनाने का कार्य करती थीं। उनकी असमय मृत्यु से तीन बेटियां और दो बेटे मातृ स्नेह से वंचित हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला रावगंज निवासी अंजू (35) शनिवार देर रात एक विवाह समारोह में भोजन बनाने का कार्य समाप्त कर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अंजू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कालपी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ओमनारायण ने बताया कि अंजू मेहनत-मजदूरी कर परिवार का सहारा थीं। विवाह समारोहों में भोजन बनाकर वह घर का खर्च चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती थीं। उनके आकस्मिक निधन से परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में आ गया है। अंजू अपने पीछे तीन बेटियां और दो बेटे छोड़ गई हैं। मां की मौत के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि अब परिवार की जिम्मेदारियां और भी बढ़ गई हैं। घटना के बाद मोहल्ला रावगंज में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन और चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जमरोही खुर्द में एक 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती का शव घर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जांच शुरू कर दी।

मृतका की पहचान दीपा देवी (22) पत्नी यादवेंद्र यादव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने मामले को दहेज हत्या बताते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं प्रारंभिक जानकारी में पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद और पारिवारिक कलह की बात भी सामने आई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। बताया गया है कि दीपा देवी का मायका ग्राम कैमरा, थाना कैलिया क्षेत्र में है। उनकी शादी इसी वर्ष 2 फरवरी को यादवेंद्र यादव के साथ हुई थी। विवाह को अभी लगभग पांच माह ही हुए थे। घटना की सूचना पर एट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को भी घटना की सूचना दे दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा विस्तृत जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# सीएमओ कार्यालय के संरक्षण में इलाज के नाम पर खुला खेल, खेल रहे है डॉक्टर

- **माधौगढ़ क्षेत्र में अवैध नर्सिंग होमो की बाढ़**
- **ग्रामीण क्षेत्र में ज्ञान के अभाव में लूटे जा रहे है मरीज और उनके तीमारदार**
- **नर्सिंग होम संचालक खुले आम कहते हैं कि हम हर महीने पैसा पहुंचाते हैं तो हमारा कौन क्या बिगाड़ेगा**

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़( जालौन )**जनपद के माधौगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के नाम पर एक बड़ा और खतरनाक खेल चल रहा है। क्षेत्र के विभिन्न इलाकों और कस्बों में बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और मानकों के कई नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पताल धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। हैरत की बात यह है कि इस गंभीर मामले पर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह से मौन साधे हुए है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश और भय का माहौल है।

### बिना मानकों के चल रहा है इलाज का धंधा



इन अवैध अस्पतालों में न तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं और न ही आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण। डिग्री विहीन और अप्रशिक्षित स्टाफ (झोलाछाप) के भरोसे मरीजों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। फायर सेफ्टी (अग्निशमन व्यवस्था), बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और प्रदूषण नियंत्रण जैसे अनिवार्य नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इन फर्जी नर्सिंग होमों की वजह से माधौगढ़ क्षेत्र में कभी भी कोई बड़ा और दर्दनाक हादसा हो सकता है। बिना रजिस्ट्रेशन और अधूरी व्यवस्थाओं के चल रहे इन सेंटरों में पहले भी कई बार प्रसूताओं और मरीजों की जान जोखिम में पड़ चुकी है। स्थानीय नागरिकों का सवाल है कि आखिर किसकी शह पर ये मौत की दुकानें बेखौफ होकर चलाई जा रही हैं? क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी या किसी मासूम की मौत के बाद ही जागेगा? क्षेत्रीय जनता ने उत्तर प्रदेश सरकार, स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों और जिला प्रशासन (डीएम व सीएमओ जालौन) से पुरजोर मांग की है कि इस मामले को तत्काल संज्ञान में लिया जाए। माधौगढ़ क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाकर इन सभी अवैध और बिना रजिस्ट्रेशन वाले नर्सिंग होमों को शीघ्र सील किया जाए और इनके संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता की जिंदगी को सुरक्षित किया जा सके।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 23 वीं किश्त का लाइव प्रसारण ज़ुझारपुरा बी-पैक्स में देखा गया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** क्षेत्र के जुझारपुरा बी-पैक्स लिमिटेड में पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर किसानों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम से देश के प्रधानमंत्री द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23 वीं किश्त जारी किए जाने का लाइव प्रसारण समिति केंद्र पर किसानों को दिखाया गया ।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना और योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। किसानों ने केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि से उन्हें खेती-किसानी के कार्यों में आर्थिक सहायता मिलती है, जिससे कृषि कार्यों को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद मिलती है ।इस अवसर पर जुझारपुरा बी-पैक्स के प्रबंध निदेशक प्रियंक पांडेय ने उपस्थित किसानों को योजना के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न कृषि योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान संतोष पाठक, कौशल किशोर, रामजी पटेल, एस. कुमार, कमलेश कुमार, अजय पाल सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, दीपू दुबे, अयोध्या प्रसाद, दीपेंद्र, लालजी, सुरेन्द्र सहित अनेक किसान एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और कृषि विकास के संकल्प के साथ किया गया।

# बीमारियों से दूरी के लिए करें योग रहेंगे निरोग - विनय

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )** तहसील स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नवीन गल्ला मंडी के परिसर में आयोजित किया गया उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने कहा निरोगी रहने के लिए योग करना बहुत ही जरूरी है योग से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास होता है वहीं शरीर सुडौल और मजबूत होता है प्रबल प्रताप सिंह राजावत जिला संयोजक प्रधान संगठन में कहा कि योग हम सबको एक ओर रोगो से छुटकारा देता है तो दूसरी शारीरिक मानसिक और बौद्धिक विकास की ओर अग्रसर करता है उन्होंने कहा कि जीवन को सही दिशा और दशा देने के लिए नियमित योग सभी लोगों के लिए आवश्यक है इस मौके पर तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार नायब तहसीलदार शादुल्लाह खान रविन्द्र कुशवाहा प्रबल प्रताप सिंह राजावत जिला संयोजक प्रधान संगठन जनपद जालौन कमलापति कुशवाहा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन सत्यनारायण शर्मा मनोज शर्मा लोकेंद्र सिंह दिनेश कुटरा राजेश रावत पंकज रावत इंद्रबीर ऋषि गहोई रामू परिहार डा अशोक कुमार चंद्रशेखर चंद्रसेन सेठ मुरारी गुप्ता रामकुमार वर्मा शैलेन्द्र दीनबंधु द्विवेदी सभासद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

# गृहकलह से परेशान महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ, बच्चों की सूझबूझ और पुलिस की तत्परता से बची जान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । जनपद के जनेवा गांव में गृहकलह से आहत एक 28 वर्षीय महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। समय रहते बच्चों की सूझबूझ और डायल 112 पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते महिला की जान बच गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनेवा गांव निवासी अर्चना कुशवाहा (28) पत्नी भारत कुशवाहा ने पारिवारिक विवाद के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। अर्चना के तीन छोटे बच्चे हैं। महिला की तबीयत बिगड़ने पर बच्चों ने समझदारी दिखाते हुए अपने नाना तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के पहुंचने में विलंब होने पर पुलिसकर्मियों ने मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए महिला को पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) से तत्काल जालौन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डायल 112 में तैनात सिपाही चंद्र प्रकाश और मनोज यादव की तत्परता के कारण महिला को समय पर उपचार मिल सका। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत स्थिर बताई। बेहतर इलाज के लिए बाद में उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बच्चों की समझदारी तथा पुलिसकर्मियों की संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए इसे एक सराहनीय मानवीय पहल बताया।

# सूने मकान में बड़ी चोरी, 20 लाख से अधिक के जेवरात और नकदी गायब

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम पचोखरा में एक सूने मकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। गृहस्वामी ने करीब 20 लाख 60 हजार रुपये की संपत्ति चोरी होने का दावा किया है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पचोखरा निवासी रामशंकर कुशवाहा पिछले लगभग 30 वर्षों से परिवार सहित गुजरात के राजकोट में रहकर मजदूरी करते हैं। वह केवल शादी-विवाह और अन्य पारिवारिक आयोजनों पर ही गांव आते हैं। बताया गया कि करीब पांच माह पूर्व उनके पुत्र अर्जुन की पत्नी गांव आई थी। वहीं रामशंकर की पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और उनका उपचार झांसी, ग्वालियर तथा गुजरात के मोरबी में चल रहा है। लगभग दस दिन पहले वह घर में ताला लगाकर पति और पुत्र के पास मोरबी चली गई थीं। 17 जून को रामशंकर के पड़ोसी एवं रिश्ते में चाचा सुरेंद्र सिंह, जो बिहार में कार्यरत हैं, गांव पहुंचे। उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ देखा और अंदर सामान बिखरा पड़ा मिला। इसके बाद उन्होंने तत्काल रामशंकर को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर रामशंकर 19 जून को गांव पहुंचे और घर में रखे सामान का आकलन किया। उनके अनुसार चोर अलमारी का लॉक तोड़कर करीब 13 लाख रुपये मूल्य के सोने के जेवरात, 7 लाख रुपये के चांदी के जेवरात तथा 60 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। इस प्रकार कुल 20 लाख 60 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति चोरी होने का दावा किया गया है। हालांकि, लंबे समय से बंद पड़े मकान में इतनी बड़ी मात्रा में जेवरात और नकदी रखे होने के दावे को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं भी चल रही हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले रामशंकर के भाई बृजमोहन के साथ भी गांव आते समय उनके झोले से करीब डेढ़ लाख रुपये चोरी होने की घटना सामने आ चुकी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर सुराग जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# शराब का एडिक्ट था युवक, परिवार के तानों से तंग होकर कुएं में कूदकर दे दी जाएं

## 25 जून को होनी थी दादी की त्रयोदशी

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घमूरी में एक युवक ने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि युवक देर रात शराब के नशे में घर पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी परिजनों से कहासुनी हो गई। विवाद के बाद युवक घर के पास स्थित एक पुराने कुएं की ओर चला गया और उसमें छलांग लगा दी। परिजनों और ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार व पुलिस बल ने रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। रात में अंधेरा होने के कारण काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से सुबह युवक का शव कुएं से बाहर निकाला गया ।मृतक हेमंत पुत्र चंद्रपाल उम्र 28 वर्ष अकबरपुर में रहकर मजदूरी करता था और अपनी दादी के निधन के बाद सात दिन पहले ही गांव लौटा था। आगामी 25 जून को उसकी दादी की त्रयोदशी का कार्यक्रम होना था। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सुंदरपुरा से रिठौरा की रास्ता कब होगी पक्की

## आजादी के बाद से अब तक सुंदरपुरा के ग्रामीण कच्चे और ग ।युक्त मार्ग में चलने को मजबूर

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन**) तहसील क्षेत्र के बीहडवर्ती अनेकों गांवों अभी तक विकास की किरण मेन सड़क मार्ग न होना विकट समस्या है लोगों को सदियों से कच्ची रास्ते की गड्ढा युक्त जगहों में बामुश्किल गुजरना पड़ता है आखिर क्या माजरा है कि ऐसे रास्ते को आज दिन तक पक्का नहीं करवाया जा सका है ऐसा ही मामला तहसील क्षेत्र के सुंदर पुरा का हैं जहां पर सड़क मार्ग के नाम पर कच्चा श्रमदान है जिसपर आवागमन के लिए लोग बेबसी में मजबूर है ग्रामीण राहुल ने बताया कि अगर वर्षांत हो जाए तो हमारे का बीमार व्यक्ति दम तो तोड़ सकता है लेकिन उक्त रास्ते से नहीं निकल सकता है सरकार हर अंतिम गांव को विकास से जोड़ने में लगी हुई है फिर भी यह गांव सड़क मार्ग से अछूता रह गया यह बहुत किरकिरी की बात है फिलहाल शासन प्रशासन को इस ओर ध्यानाकर्षण करते हुए सड़क मार्ग पक्का निर्माण कार्य कराना चाहिए जिससे कि लोगों को आवागमन में मशक्कत नहीं झेलनी पड़े

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का सम्मान करने.पहुंचे ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढजालौन** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवतुक्क विकास चौधरी का फूलों का हार पहनाकर सम्मानित किया ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह भदोरिया ने ठाकुर प्रसाद यादव के नेतृत्व में मुलाकात हुई मौके पर आफताफ आलम, तेज बहादुर चौहान, मनीष निरंजन, सुनील आनंद, रामकिनकर गुर्जर, आलोक श्रीवास्तव,राघवेंद्र, दर्शन, पुष्पेंद्र जी, सर्वेश शर्मा, मनोहर,अदि ने परिचय देकर कहाँ आप जैसा नेकदिल अधिकारी पहलीबर हमारे जनपद मे आये जिन्होंने शिक्षकों समझा और समस्या को सुना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी ने आश्वासन देते हुए कहाँ कि आप सभी कि जो भी समस्याएं होगी किया जाएगा समस्याओं को सुना जाएगा और निस्तारण भी किया जाएगा सदैव हम आप सभी के साथ है सहयोग के लिये तत्पर खड़े रहेंगे मौके पर समस्त शिक्षक मौजूद रहे

# जिंदा लड़कियों में नहीं था इंट्रेस्ट, मुर्दों को देखते ही हो जाता था रोमांटिक, कर डाला 4 लाशों का रेप!

( यंग भारत न्यूज )

इंसान की हैवानियत की कोई सीमा नहीं रह गई है. अमेरिका से एक ऐसी जघन्य और घिनौनी घटना सामने आई है जिसे सुनकर किसी भी इंसान के रोंगटे खड़े हो जाएंगे. एरिजोना के फीनिक्स शहर में 31 साल के फेनरिस लू नामक व्यक्ति को मॉर्ग में घुसकर चार मुर्दा लाशों के साथ यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.




पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह मेडिकल एग्जामिनर ऑफिस में ब्रेक-इन की सूचना मिली थी. जब पुलिस मौके पर पहुंची तो हैरान रह गई. आरोपी फेनरिस लू मॉर्ग के अंदर 11 बॉडी बैग्स को छेड़ चुका था और चार लाशों का यौन शोषण कर चुका था. मॉर्ग में घुसने के लिए आरोपी ने चोरी के औजारों का इस्तेमाल किया था. पुलिस ने उसे बर्बरता, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, चोरी के औजार रखने, भागने के प्रयास और चार मामलों में डेड पर्सन के साथ यौन संबंध बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है. जांच में पता चला कि फेनरिस लू को जिंदा महिलाओं में कोई आकर्षण नहीं था. वह मुर्दा लाशों के प्रति आकर्षित होता था. यह उसका पुराना शौक था जिसे उसने इस घटना में पूरा किया. पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या वह पहले भी ऐसी घटनाओं में शामिल रहा है या यह पहली बार था. मॉर्ग के अंदर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं. इतनी संवेदनशील जगह पर कैसे कोई आसानी से घुस गया, इसकी जांच हो रही है. अस्पताल और मॉर्ग प्रशासन ने भी आंतरिक जांच शुरू कर दी है. चिकित्सा विज्ञान में इसे नेक्रोफीलिया कहते हैं. यह एक गंभीर मानसिक विकार है जिसमें व्यक्ति मुर्दा शरीरों के प्रति यौन आकर्षण महसूस करता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन इसे पैराफीलिया विकारों में शामिल करता है. ऐसे लोगों को तुरंत मनोचिकित्सकीय मदद की जरूरत होती है. अमेरिका में इससे पहले भी ऐसी घटनाएं हुई है. पहले भी कई केस दर्ज हुए हैं लेकिन इतनी बड़ी संख्या में एक ही बार चार लाशों का शोषण पहली बार है. पुलिस ने फेनरिस लू को जेल भेज दिया है. जांच एजेंसियां पूरे सीसीटीवी फुटेज, फिंगरप्रिंट और अन्य सबूत जुटा रही हैं. यदि दोषी पाया गया तो उसे लंबी सजा हो सकती है क्योंकि अमेरिका में डेड बॉडी के साथ यौन संबंध को गंभीर अपराध माना जाता है.

# डॉक्टर साहब पीछे-पीछे घूमते थे.', मौत से पहले मीना ने सहेली को बताया था ये राज, दिल्ली के नौकरानी हत्याकांड में नया खुलासा



( यंग भारत न्यूज )

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश में स्थित माउंट कैलाश अपार्टमेंट्स में हुई घरेलू सहायिका मीना (45) की नृशंस हत्या के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है.25 सालों से लोगों के घरों में काम कर ईमानदारी से घर चला रही मीना ने मौत से ठीक कुछ दिन पहले डॉक्टर मनीष गुप्ता के बदलते और संदिग्ध व्यवहार को लेकर गहरी चिंता जताई थी. शुरुआती जांच में आरोपी डॉक्टर ने बैट और चाकू से हमला कर मीना की हत्या करने की बात कबूल ली है.

हालांकि, पुलिस के सामने डॉक्टर कभी खुद को डिप्रेशन का मरीज बता रहा है तो कभी मीना पर काला जादू करने का बेतुका आरोप लगाकर गुमराह करने की कोशिश कर रहा है. लेकिन पीड़िता के करीबियों से हुई बातचीत इस मर्डर मिस्ट्री में नौकरानी के एंगल से एक अलग और डरावनी कहानी बयां करती है. माउंट कैलाश सोसाइटी में ही कपड़े प्रेस करने का काम करने वाली रामवती ने बताया कि मीना बेहद कम बोलने वाली और अपने काम से काम रखने वाली महिला थी. वह हमेशा डॉक्टर की पत्नी की तारीफ करती थी. लेकिन कुछ दिनों से वह डॉक्टर गुप्ता के व्यवहार से असहज थी. रामवती के मुताबिक, मीना ने उसे बताया था, 'कुछ दिन से डॉक्टर साहब ज्यादा ही नजर रखने लगे हैं. जब मैं घर में काम करती हूं, तो वह अक्सर मेरे पीछे-पीछे घूमते रहते हैं.' डॉक्टर का कहना होता था कि हर काम उनकी नजरों के सामने ही होना चाहिए. मीना के बेटे रॉबिन ने आरोपी डॉक्टर के परिवार और समाज पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. रॉबिन ने रोते हुए पूछा, 'अगर डॉक्टर गुप्ता लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार थे और डिप्रेशन की दवाइयां नहीं ले रहे थे, तो यह बात हमारी मां से क्यों छिपाई गई ? क्यों मेरी मां को उस फ्लैट में अकेले और इतनी खतरनाक स्थिति में काम करने के लिए छोड़ दिया गया ?' परिवार का मानना है कि अगर उन्हें डॉक्टर की मानसिक स्थिति का जरा सा भी अंदाजा होता, तो वह मीना को वहां कभी काम पर नहीं भेजते. मीना एक बेहद जिम्मेदार मां थीं. बेटा रॉबिन और उनकी पत्नी पिछले 10 साल से बच्चे के लिए कोशिश कर रहे थे. मीना अपनी मेहनत की कमाई से अपनी बहू का फर्टिलिटी ट्रीटमेंट (इलाज) करवा रही थीं. रॉबिन ने बताया कि उनकी मां को पूरी उम्मीद थी कि अगले साल तक वह दादी बन जाएंगी, लेकिन एक सनकी डॉक्टर ने उनका यह सपना हमेशा के लिए छीन लिया. जिन अन्य घरों में मीना पिछले 8 सालों से काम कर रही थीं, वहां के बुजुर्ग दंपत्ति ने कहा कि वह उनके परिवार के सदस्य जैसी थीं. उसने कभी किसी खतरे या असुरक्षा का जिक्र नहीं किया था. फिलहाल अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और डॉक्टर के काले जादू वाले दावों को दरकिनार कर हत्या की असली वजह और हथियारों की बरामदगी में जुटी है.

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की व्यवस्था बदलाव करने जा रही यूपी सरकार, पासपोर्ट की तरह बनाए जाएंगे डीएल

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की व्यवस्था में बदलाव होगा। योगी सरकार ने इसको लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं। इसे बनाने में कुछ नियम पासपोर्ट बनवाने जैसे होंगे। इसमें कुछ जरूरी जांच कराने पर भी विचार किया जा रहा है। इसका मकसद सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में पिछले दिनों सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक हुई थी। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस बनाने में पासपोर्ट जैसी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए। सरकार चाहती है कि अनट्रेंड लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस न दिया जाए। हादसे की बड़ी वजह वाहन चालकों की गलती भी मानी गई है। माना जा रहा है कि ट्रैफिक नियमों के जानकारों



को डीएल मिलने से हादसों कमी आएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद परिवहन विभाग ने इस पर काम शुरू कर दिया है। पासपोर्ट बनवाने में बायोमेट्रिक बेरीफिकेशन और पुलिस सत्यापन व्यवस्था लागू है। पूरी व्यवस्था ऑनलाइन है। आवेदन, सत्यापन और इसकी रिपोर्ट आनलाइन लगती है। बस पासपोर्ट की फीस थोड़ा ज्यादा है। तत्काल पासपोर्ट ज्यादा फीस पर जारी कर दिए जाते हैं और पुलिस सत्यापन बाद में होता है। ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन में भी लगभग यही व्यवस्था लागू है। केवल पुलिस सत्यापन नहीं होता है। डीएल आवेदकों को बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए परिवहन कार्यालय जाना होता है। लर्निंग बनने के बाद स्थायी लाइसेंस के लिए ड्राइविंग टेस्ट की व्यवस्था है। आरआई की रिपोर्ट के बाद ही स्थायी लाइसेंस लोगों के पते पर भेजे जाते हैं। दिक्कत यह है कि डीएल व्यवस्था अभी निजी कंपनी के हाथ में है। केवल बायोमेट्रिक सत्यापन और वाहन चलाने के टेस्ट के लिए ही परिवहन कार्यालय जाना पड़ता है। अब टेस्ट की व्यवस्था भी निजी हाथों में सौंप दी गई है। जल्दी ही परिवहन कार्यालय के बजाय निजी कंपनी के सेंटर पर ड्राइविंग टेस्ट के लिए जाना होगा। परिवहन कार्यालयों में डीएल की आधारभूत सुविधाएं पहले से हैं। यह देखा जा रहा है कि मोटर व्हीकल्स एक्ट में क्या प्रावधान है। क्या पुलिस सत्यापन जैसी कोई व्यवस्था है, यदि नहीं है तो मौजूदा व्यवस्था में ही कैसे पासपोर्ट वाली व्यवस्था लागू की जा सकती है। पावर कॉरपोरेशन ने सभी बिजली कंपनियों को आदेश दिए हैं कि संविदा कर्मियों का जून का वेतन जुलाई में केवल आउटसोर्स पोर्टल से ही दिया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा है कि कॉरपोरेशन फिर संविदा कर्मियों की छंटनी करने जा रहा है। उसे राज्य सरकार के आउटसोर्स निगम के अधीन लाकर काम करना चाहिए।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी की जांच पूरी

## -सीएम योगी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट, चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा पर गिर सकती है गाज

( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या।** अयोध्या के सुप्रसिद्ध श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी प्रकरण की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) शनिवार शाम करीब 8 बजे अपनी छह दिवसीय तफ्तीश पूरी कर लखनऊ लौट गई है।




सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार कर ली है, जिसे सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा जाएगा। इस हाई-प्रोफाइल मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा पर बड़ी गाज गिरना तय माना जा रहा है और दोनों को पद से हटाया जा सकता है। इसके साथ ही, मंदिर के निर्माण प्रभारी गोपाल राव की भी छुट्टी हो सकती है और पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी को मंदिर का नया सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) बनाए जाने की प्रबल चर्चा है। एसआईटी की सघन जांच में अब तक कुल 150 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, जिनमें से 25 लोगों पर तत्काल बड़ी कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई की तैयारी है। जिन लोगों से टीम पूछताछ कर चुकी है, उन्हें अगले आदेश तक शहर से बाहर न जाने की सख्त चेतावनी दी गई है। इस मामले में अब तक पांच आरोपियों-लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर करीब 2 करोड़ रुपये की नकदी रिकवर की जा चुकी है। ये सभी आरोपी मंदिर में दान राशि की गिनती (कैश काउंटिंग) की ड्यूटी से जुड़े थे। इसके अलावा, 13 जून को ट्रस्ट के कर्मचारी टिन्नू के घर से सोना भी बरामद हुआ था, जिसकी मात्रा का सटीक आकलन किया जा रहा है। जांच में यह बात सामने आ रही है कि आरोपी गणना कर्मियों ने पुलिस कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों की निगरानी को अलग करने में अहम भूमिका निभाई थी। साथ ही, यह भी आरोप है कि गणना स्थल में आने-जाने के दौरान इन लोगों ने बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा जांच से मुक्त रखने का रास्ता निकाला। इस कारण एसआईटी का शिकंजा अब सीधे कैश गणना प्रभारी पर कसता जा रहा है।

यह भी छानबीन की जा रही है कि क्या राम मंदिर में संगठित अपराध की कोई सुनियोजित योजना पहले से तैयार की गई थी या फिर मौका मिलते ही इस बड़ी साजिश को अंजाम दिया गया। एसआईटी की कार्रवाई के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व इंजीनियर दीनानाथ वर्मा ने मीडिया के सामने आकर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उन्होंने सीधे तौर पर ट्रस्टी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा पर निर्माण कार्यों में 40 प्रतिशत कमीशन लेने का आरोप लगाया। वर्मा ने कहा कि निर्माण सामग्री कम मात्रा में मंगाई जाती थी और बिल अधिक राशि के पास किए जाते थे। उन्होंने दावा किया कि महासचिव चंपत राय सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने रहे और जब उन्होंने इस लूटखसोट व कमीशनखोरी का विरोध किया, तो उन्हें प्रताड़ित कर जबरन नकदी की गणना के काम में लगा दिया गया, जिसके बाद धमकियों से आहत होकर उन्होंने अयोध्या छोड़ दी। राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का यह मुद्दा राजनीतिक गलियारों में तेजी से गरमाया हुआ है। सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने बीते 7 जून को दावा किया था कि मंदिर से 5 से 7.5 करोड़ रुपये की चोरी हुई है। इसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कोर्ट से दखल की मांग की थी। विवाद बढ़ता देख भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसके अगले ही दिन 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंदिर ट्रस्ट से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की थी। इसके बाद ही प्रदेश सरकार ने एसआईटी का गठन कर मामले की कमान सौंपी थी।

# 'सिंदूरदान से दुल्हन का इनकार, टूट गई शादी.. गुस्से में पिता ने बेटी का पुतला बनाकर निकाली अर्थी, कर दिया अंतिम संस्कार

( यंग भारत न्यूज )

झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत रमना थाना क्षेत्र से एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जो इस समय पूरे राज्य में चर्चा का विषय बन गया है. दरअसल, रमना प्रखंड क्षेत्र में लगभग एक महीने पहले शादी के दौरान एक दुल्हन ने सिंदूरदान की रस्म के वक्त सिंदूर लगवाने से साफ इनकार कर दिया था, जिसके बाद यह शादी टूट गई थी. बेटी के इस फैसले से नाराज होकर युवती के माता-पिता सहित पूरा परिवार लोक-लाज और सामाजिक अपमान के कारण गहरे आक्रोश में था. इसी नाराजगी में परिजनों ने एक ऐसा कदम उठाया, जिसने सबको हैरान कर दिया है.



बेटी की हरकत से आहत पिता सुखट राम ने अपनी जीवित बेटी पुष्पा कुमारी का एक प्रतीकात्मक पुतला बनाया. उसे मृत मानते हुए पिता ने न सिर्फ अपनी जीवित बेटी की शव यात्रा निकाली, बल्कि उस प्रतीकात्मक शव को पूरे गांव में घुमाने के बाद श्मशान घाट ले जाकर उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया. इस दौरान पिता ने बाकायदा मुखाग्नि की रस्में भी निभाईं. अपनी जीवित बेटी को मृत घोषित करते हुए पिता ने कहा कि मेरे लिए वह अब मर चुकी है, क्योंकि उसने भरे समाज में पूरे परिवार को बेइज्जत करवाया है. परिवार द्वारा जीवित बेटी का पुतला बनाकर किए गए इस अनोखे अंतिम संस्कार का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. यह अजीबोगरीब घटना झारखंड के गढ़वा जिला अंतर्गत रमना प्रखंड क्षेत्र के बगोंधा टोला की है. मिली जानकारी के मुताबिक, लगभग एक महीने पहले बगोंधा टोला निवासी सुखट राम की पुत्री पुष्पा कुमारी की शादी गढ़वा थाना क्षेत्र के जोबरैया गांव निवासी दशरथ राम उर्फ बसंत राम के पुत्र दीपक कुमार रवि के साथ तय हुई थी. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बारात पूरे गाजे-बाजे के साथ बगोंधा टोला पहुंची थी. बारात के स्वागत के बाद जयमाला का कार्यक्रम भी धूमधाम से संपन्न हुआ. इसके बाद विवाह मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शादी की अन्य रस्में भी पूरी कराई जा रही थीं. लेकिन, जैसे ही सिंदूरदान की रस्म की बारी आई और दूल्हा, दुल्हन की मांग में सिंदूर डालने लगा, तभी दुल्हन पुष्पा कुमारी ने सिंदूर डलवाने से मना करते हुए शादी से इनकार कर दिया. दुल्हन के इस अचानक लिए गए फैसले से शादी के मंडप में अफरा-तफरी मच गई. परिजनों, रिश्तेदारों और शादी समारोह में मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लाख समझाने-बुझाने के बाद भी युवती अपने फैसले पर अडिग रही. पूरी रात लड़की को समझाने और मामले को सुलझाने के लिए पंचायत चलती रही, बावजूद इसके लड़की टस से मस नहीं हुई. सुबह होने तक जब मामला शांत नहीं हुआ, तो स्थानीय थाने की पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई. अंततः दूल्हा पक्ष को बिना दुल्हन के ही बारात लेकर वापस लौटना पड़ा. तब से ही यह घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई थी. इसी बात से आहत होकर पिता ने अपनी जीवित बेटी से जीवनभर का रिश्ता तोड़ते हुए उसे मृत घोषित कर दिया और बाकायदा उसकी अर्थी सजाकर अंतिम संस्कार कर दिया.

# काशी मस्जिद विवाद में कूदा 'पाक', राष्ट्रपति जरदारी ने उगला जहर तो भड़के भारतीय मुस्लिम, बोले- 'अपनी हद में रहे...'

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी वाराणसी में काशी स्टेशन के पास स्थित ऐतिहासिक गंज शहीदां मस्जिद को लेकर अब एक बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय विवाद खड़ा करने की नापाक कोशिश की गई है।

इस बार यह हिमाकत किसी छोटे-मोटे संगठन ने नहीं, बल्कि खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने की है। जरदारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ङ्ग' पर इस आंतरिक कानूनी मसले को वैश्विक रंग देने के लिए एक भड़काऊ पोस्ट साझा किया। लेकिन उनका यह दांव पूरी तरह से उल्टा पड़ता दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति के इस बेतुके और जहरीले बयान के सार्वजनिक होते ही काशी के मुस्लिम समुदाय में भारी गुस्सा फैल गया। बनारस के स्थानीय मुस्लिम धर्मगुरुओं और रहनुमाओं ने जरदारी को कड़ी नसीहत देते हुए उनकी औकात याद दिलाई। 'यह हमारा और हमारे देश का अंदरूनी मामला है। किसी भी बाहरी मुल्क या नेता को इसमें दखल देने का कोई हक नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति अपने देश की बदहाली को देखें, जहां रोज मस्जिदों में बम फटते हैं। हमारे यहां क्या हो रहा है, उसे संभालने के लिए हमारी अदालतें काफी हैं। हमें भारत की स्वतंत्र न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है।' - मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी (मुफ्ती-ए-बनारस) इसी तरह, मस्जिद का कानूनी मामला देख रही संस्था अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद के संयुक्त सचिव डॉ. एसएम यासीन ने भी पाकिस्तानी बयानबाजी की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि हम भारत के संविधान और कानून के दायरे में रहकर अपनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं।



मस्जिद सन् 1034 में बनी थी; इसका उल्लेख 1883-84 के बंदोबस्त नक्शे में है। राजघाट इलाके में रेलवे 1887 में आया, इसलिए मस्जिद पुरानी है। मस्जिद रेलवे के 'सर्कुलेटिंग एरिया' की बेशकीमती जमीन पर अवैध रूप से निर्मित है। हटाने के नोटिस की समयावधि 20 जून को समाप्त हो चुकी है। सिविल जज (जूनियर डिविजन) की अदालत ने 28 अगस्त 2024 को इंतेजामिया कमेटी का पुराना मुकदमा (मूलवाद संख्या -1174/1991) खारिज कर दिया था। काशी स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए ?350 करोड़ के अपग्रेडेशन प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। उत्तर रेलवे प्रशासन का इस पूरे विवाद पर कानूनी रुख बेहद स्पष्ट और सख्त है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, काशी रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास रेलवे की जमीन पर बनी यह मस्जिद भव्य पुनर्विकास कार्य के रास्ते में एक बड़ा रोड़ा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अदालत से मुकदमा खारिज होने के बाद कमेटी को ऊपरी अदालत में जाने का पर्याप्त समय दिया गया था। स्टेशन को आधुनिक बनाने के मेगा प्रोजेक्ट के तहत वहां मौजूद 'गंगा कॉलोनी' को भी ढहाया जाना है, जिसके भीतर यह विवादित ढांचा स्थित है। 20 जून की समय-सीमा खत्म होने के बाद रेलवे प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ किसी भी दिन ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई कर सकता है। इस अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय घमासान के बीच वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी के पोस्ट के बाद से ही स्पेशल साइबर सेल सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे निगरानी रख रही है। उन्होंने सख्त चेतावनी दी है कि यदि किसी भी असामाजिक तत्व या देशद्रोही ने इस पाकिस्तानी पोस्ट की आड़ में शहर का सौहार्द बिगाड़ने या अफवाह फैलाने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ सीधे जेल भेजने की सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर विधायक रवि शर्मा ने सर्किट हाउस में की भेंट

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** झाँसी आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर विधायक रवि शर्मा ने सर्किट हाउस, झाँसी में भेंट की।

इस अवसर पर नगर विधायक रवि शर्मा ने झाँसी के विकास कार्यों के लिए निम्नलिखित पत्र माननीय मुख्यमंत्री जी को सौंपकर लंबी वार्ता की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया कि बुंदेलखंड के विकास के लिए जो भी करना होगा करेंगे।

1. बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0आई0ई0टी0), झाँसी को राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

नगर विधायक रवि शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि बुन्देलखण्ड अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (बी0आई0ई0टी0), झाँसी प्रदेश के अग्रणी तकनीकी शिक्षण संस्थानों में से एक है। विगत कई दशकों से यह संस्थान इंजीनियरिंग एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान कर रहा है तथा बड़ी संख्या में योग्य अभियंता एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपलब्ध करा रहा है। संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुभवी शिक्षकों, आधुनिक प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय, विशाल परिसर तथा विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए इसे राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि बी0आई0ई0टी0, झाँसी के पास तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना एवं संचालन हेतु पर्याप्त भूमि, भवन, शैक्षणिक संसाधन तथा अन्य आधारभूत संरचनाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने लिखा कि वर्तमान में प्रदेश का एकमात्र राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ में स्थित है, जिसके कारण बुन्देलखण्ड एवं आसपास के जनपदों के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा तकनीकी संस्थानों को विभिन्न शैक्षणिक कार्यों के लिए अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि बी0आई0ई0टी0 को राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया जाता है तो यह सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र के तकनीकी महाविद्यालयों के लिए एक प्रमुख शैक्षणिक, अनुसंधान एवं नवाचार केन्द्र के रूप में विकसित हो सकेगा।

2. महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के रूप में विकसित किये जाने हेतु।

नगर विधायक ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि झाँसी महानगर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है।

यह संस्थान न केवल जनपद झाँसी बल्कि झाँसी मंडल के समस्त जनपदों एवं सीमावर्ती मध्य प्रदेश के अनेक जिलों के लाखों नागरिकों को चिकित्सकीय सेवाएँ प्रदान कर रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज यहाँ उपचार हेतु आते हैं, जिससे इस संस्थान का क्षेत्रीय महत्व स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। यह चिकित्सा संस्थान विगत कई दशकों से झाँसी सहित सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। क्षेत्रीय आवश्यकताओं, भौगोलिक स्थिति, बढ़ती जनसंख्या तथा स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को दृष्टिगत रखते हुए महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के रूप में विकसित किया जाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि झाँसी में एम्स की स्थापना का लाभ केवल उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के नागरिकों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार यह संस्थान दो राज्यों के लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम होगा। बुन्देलखण्ड जैसे विकासोन्मुख क्षेत्र में एम्स की स्थापना सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम सिद्ध हो सकती है।



3. महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी में वर्षों पुरानी खराब लिफ्टों के स्थान पर नवीन एवं आधुनिक लिफ्टें स्थापित कराने हेतु।

नगर विधायक रवि शर्मा ने बताया कि झाँसी महानगर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज बुन्देलखण्ड क्षेत्र का एक प्रमुख एवं महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थान है, जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में मरीज उपचार हेतु आते हैं। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में वर्षों पूर्व स्थापित की गई लिफ्टें वर्तमान समय में अत्यधिक जर्जर एवं तकनीकी दृष्टि से अनुपयोगी हो चुकी हैं। कई लिफ्टें बार-बार खराब होती रहती हैं तथा कुछ लिफ्टें पूर्ण रूप से कंडम अवस्था में पहुँच चुकी हैं। इसके कारण मरीजों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं तीमारदारों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों तथा स्ट्रेचर एवं व्हीलचेयर पर लाये जाने वाले मरीजों के आवागमन में अत्यधिक परेशानी उत्पन्न होती है। इस हेतु नगर विधयाक रवि शर्मा ने जनहित एवं मरीजों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी में कंडम हो चुकी पुरानी लिफ्टों के स्थान पर आधुनिक, उच्च क्षमता एवं सुरक्षित नवीन लिफ्टों की स्थापना हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की।

4. झाँसी स्थित जिला कारागार को नगर क्षेत्र से बाहर स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

इसी क्रम में नगर विधायक रवि शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि जनपद झाँसी का जिला कारागार वर्तमान में नगर के अत्यंत महत्वपूर्ण एवं घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है। वर्षों पूर्व जब इस कारागार की स्थापना की गई थी, उस समय इसके आसपास आबादी सीमित थी, किन्तु वर्तमान में झाँसी नगर के निरंतर विस्तार के कारण यह क्षेत्र शहर के प्रमुख आवासीय, व्यावसायिक एवं संस्थागत क्षेत्रों के मध्य आ गया है। फलस्वरूप कारागार का वर्तमान स्थान नगर के सुनियोजित विकास में बाधक बनता जा रहा है। जिला कारागार में बंदियों के आवागमन, न्यायालयों में पेशी एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन को विशेष व्यवस्थाएँ करनी पड़ती हैं। अनेक अवसरों पर बंदियों के आवागमन के कारण यातायात प्रभावित होता है तथा आम नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा की दृष्टि से भी घनी आबादी के मध्य कारागार का संचालन दीर्घकालीन दृष्टिकोण से उपयुक्त नहीं है। इस हेतु नगर विधायक रवि शर्मा ने झाँसी जिला कारागार को नगर सीमा से बाहर किसी उपयुक्त एवं विस्तृत भू-भाग पर स्थानान्तरित किया जाने की मांग माननीय मुख्यमंत्री जी से की।

5. मार्ग के नवीन निर्माण एवं दोहरीकरण कार्य को सी0आर0एफ0 निधि के प्रस्ताव में सम्मिलित कराये जाने के सम्बन्ध में।

माननीय विधायक रवि शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि झाँसी महानगर के बड़ागांव से दौन, दुनारा, बसोवा, घटवाहा (मध्य प्रदेश), सीतापुरा (मध्य प्रदेश) होते हुए प्रतापपुरा से ओरछा तिगैला (मध्य प्रदेश) की सीमा तक उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र से होकर गुजरने वाले मार्ग का नवीन निर्माण एवं दोहरीकरण कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इस क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों, क्रशर मण्डी तथा मऊरानीपुर, छतरपुर एवं खजुराहो की ओर आवागमन करने वाले भारी एवं व्यावसायिक वाहनों को झाँसी शहर के मध्य से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे शहर में यातायात का अत्यधिक दबाव एवं जाम की समस्या उत्पन्न होती है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण से इन वाहनों के लिए एक वैकल्पिक संपर्क मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे शहर के भीतर यातायात का भार कम होगा तथा नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

6. झाँसी नगर के अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड को नगर क्षेत्र से बाहर स्थानान्तरित कर दो आधुनिक नवीन बस स्टैण्ड स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में। नगर विधायक रवि शर्मा ने बताया कि झाँसी नगर के मध्य स्थित अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड विगत कई वर्षों से संचालित है। नगर के निरन्तर विस्तार के कारण वर्तमान में यह बस स्टैण्ड शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र के मध्य आ चुका है। फलस्वरूप यहाँ से 24 घंटे भारी वाहनों एवं बसों का आवागमन होता है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है तथा दुर्घटनाओं की आशंका निरन्तर बनी रहती है। समय-समय पर इस मार्ग पर गंभीर सड़क दुर्घटनाएँ भी घटित होती रही हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान बस स्टैण्ड के समीप से झाँसी-कानपुर मुख्य मार्ग गुजरता है। इसी मार्ग पर महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज तथा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय स्थित हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों, मरीजों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का आवागमन अत्यधिक रहता है। बस स्टैण्ड के कारण इस मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है और प्राय: जाम की स्थिति उत्पन्न होती रहती है, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस हेतु नगर विधायक रवि शर्मा ने जनहित की इस महत्वपूर्ण समस्या के निदान हेतु झाँसी नगर के वर्तमान अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड को शीघ्र नगर क्षेत्र से अन्यत्र स्थानान्तरित कराने तथा दो प्राइवेट नवीन बस स्टैण्डों की स्थापना कराने की मांग की।

7. झाँसी क्लब, झाँसी को पूर्ण रूप से स्पोर्ट्स क्लब के रूप में विकसित किये जाने के सम्बन्ध में।

नगर विधायक रवि शर्मा ने जनहित एवं खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए झाँसी क्लब, झाँसी को पूर्ण रूप से स्पोर्ट्स क्लब के रूप में परिवर्तित एवं विकसित किये जाने का अनुरोध माननीय मुख्यमंत्री जी से किया।

8. महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी में नेत्र बैंक के पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु । नगर विधायक रवि शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी को बताया कि वर्ष 1987 में झाँसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी में अमूल्य दृष्टि नामक नेत्र बैंक की स्थापना की गई थी। नेत्र बैंक को स्थापित कराये जाने के लिए समस्त आवश्यक उपकरण "अन्धता निवारण संघ-भारत" द्वारा दान स्वरूप भेंट किये गये थे। नेत्र बैंक की स्थापना के उपरान्त नेत्रदान के द्वारा प्राप्त नेत्रों का प्रत्यारोपण की सुविधा भी प्रारम्भ की जा चुकी थी परन्तु नेत्र बैंक के पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण लोगों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हो पाया, जिसकी मांग नगर विधायक रवि शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी से की।

9. जनपद झाँसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में।

इसी क्रम में नगर विधायक रवि शर्मा ने माननीय मुख्यमंत्री जी को लिखा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के प्रमुख नगर एवं ऐतिहासिक शैक्षिक केंद्र झाँसी में वर्तमान समय में राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय संचालित हैं, जिनके माध्यम से क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं आमजन को चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। इसके बावजूद जनपद झाँसी सहित सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड क्षेत्र में एक भी राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं है, जिसके कारण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनपद झाँसी के रूद्र बलौरा क्षेत्र में आयुष विभाग द्वारा भूमि का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। अत: भूमि उपलब्धता की दृष्टि से भी इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र प्रारंभ किया जा सकता है। इस हेतु नगर विधायक ने जनभावनाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं बुन्देलखण्ड के समग्र विकास को दृष्टिगत रखते हुए जनपद झाँसी में राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराने की मांग मुख्यमंत्री से की।

# जनपद में नीट परीक्षा 07 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल हुई संपन्न


( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह सहित डिस्ट्रिक्ट कार्टिनेटर श्रीमती राधा गुप्ता ने जनपद में 07 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित नीट की लिखित परीक्षा दिनांक 21 जून 2026 को एक पाली में पूर्वाहन 02:00 से 05:00 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा कि सुचिता को भ्रमण के दौरान किया सुनिश्चित।

परीक्षा के सकुशल निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बने परीक्षा केंद्रों का सत्यापन किया और प्रधानाचार्य कक्ष में बने कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मौके पर कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे से कक्ष में परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं को भी देखा तथा मिनट 2 मिनट रिकॉर्डिंग की जानकारी ली। नगर में नीट परीक्षा एक पाली में 21 जून 2026 को 07 परीक्षा केंद्रों पर संपादित हुई। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य अथवा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर के साथ विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहे। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्र को सैनिटाइज किए जाने के लिए निर्देश। उन्होंने परीक्षार्थियों की जांच के दौरान ही अलग कक्ष में जमा कराने की व्यवस्था को भी देखा। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता, इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किए जाने के निर्देश दिए। नीट परीक्षा में आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की कोई समस्या न हो, उसके लिए रेलवे स्टेशन बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इसके अतिरिक्त, नगर निगम द्वारा संचालित रैनबसेरा की व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ किया गया ताकि परीक्षार्थियों को रुकने के लिए समुचित जगह मिल सके। परीक्षा नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि नीट परीक्षा में एक पाली में कुल 3554 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें में 3229 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 325 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

# योग भारत की विरासत, स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार : सीएम योगी

- पीएम मोदी ने योग को दिलाई वैश्विक पहचान
- योग अपनाइए, रोग और समय से पहले बुढ़ापे से बचिए :- मुख्यमंत्री
- 21 जून केवल एक दिन नहीं, जीवन का संदेश







( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि योग केवल 21 जून तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना होगा। स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार है। भारतीय ऋषि परंपरा ने जो भी पर्व और उत्सव निर्धारित किए, उनके पीछे प्रकृति के साथ सामंजस्य का भाव रहा है। हमारी संस्कृति का उद्देश्य प्रकृति के साथ रहकर जीवन को संतुलित बनाना है।

मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आज विश्व योग दिवस के अवसर पर झांसी में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई दुर्ग के तलहटी में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ आयु के लिए योग) थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम योगी ने आयुष विभाग की आयुष ई-पत्रिका का विमोचन भी किया। अपने उद्बोधन में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की परंपरा और विरासत को वैश्विक मान्यता दिलाने का कार्य किया है। उनके प्रयासों के कारण आज 140 करोड़ भारतीय दुनिया में गौरव के साथ आगे बढ़ रहे हैं और विकसित भारत की संकल्पना को नई दिशा मिली है। मा0 प्रधानमंत्री जी स्वयं प्रत्येक वर्ष अलग-अलग राज्यों में जाकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् अर्थात स्वस्थ शरीर ही सभी कर्तव्यों और पुरुषार्थों की साधना का माध्यम है। यदि शरीर स्वस्थ व निरोग नहीं होगा तो कोई भी व्यक्ति जीवन के किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकता। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क वाला छात्र ही अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। स्वस्थ किसान खेती-किसानी में नई उपलब्धियां हासिल करेगा और समाज के लिए प्रेरणा बनेगा। स्वस्थ श्रमिक अपने परिश्रम से विकास और निर्माण की नई इबारत लिखेगा। स्वस्थ वैज्ञानिक देश को नए-नए अनुसंधान और उपलब्धियां प्रदान करेगा। स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ राष्ट्र का आधार बन सकता है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने भारत की विरासत को सम्मान दिलाने और उसे वैश्विक मंच पर स्थापित करने का कार्य किया है। आज दुनिया के लगभग 200 देश योग से जुड़ चुके हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में योग के प्रति लोगों में विशेष आकर्षण पैदा हुआ है। प्रधानमंत्री जी ने आयुष और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में भारत के युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का नया द्वार खोला है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी आयुष विभाग लगातार कार्य कर रहा है। यदि शरीर स्वस्थ होगा तो मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा, स्वस्थ मस्तिष्क होगा तो बुद्धि स्वस्थ होगी और स्वस्थ बुद्धि होगी तो आत्मा भी स्वस्थ होगी। आत्मा में ईश्वर का वास होता है। इसलिए स्वस्थ शरीर पूरे जीवन का मूल आधार है और योग इसका सबसे प्रभावी माध्यम है।

12वें अंतरष्ट्रीय योग दिवस पर मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वर्ष में दो बार नवरात्रि का आयोजन होता है। इसके पीछे भी ऊर्जा और प्रकृति का विज्ञान छिपा हुआ है। नवरात्रि ऐसे समय में आती है जब ऋतुओं का परिवर्तन होता है और प्रकृति विशेष ऊर्जा प्रदान करती है। 21 जून का दिन विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है। आज के दिन सूर्य का प्रकाश सबसे अधिक समय तक धरती को प्राप्त होता है। सूर्य को जगत का पिता कहा गया है। जो व्यक्ति और वनस्पति सूर्य के जितने अधिक सानिध्य में रहते हैं, उनमें उतनी ही अधिक ऊर्जा, तेज और क्षमता विकसित होती है। सूर्य हम सभी के जीवन का आधार है। योग दिवस हमें अपनी आंतरिक ऊर्जा और प्रकृति की ऊर्जा को एक साथ जोड़ने का अवसर देता है। मा0 सीएम योगी जी ने कहा कि योग की परंपरा आदियोगी भगवान शिव से प्रारंभ हुई और ऋषि-मुनियों ने इसे पूरी दुनिया तक पहुंचाया। एक समय ऐसा आया जब हम अपनी इस महान विरासत को भूलने लगे थे, लेकिन प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से भारत फिर से अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व का अनुभव कर रहा है। इस वर्ष मोदी जी ने 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम दी है, जिसका उल्लेख हमारे ऋषियों ने भी किया है। उन्होंने शास्त्रों का जिक्र करते हुए कहा- 'न तस्य रोगो न जरा न मृत्यु: प्राप्तस्य योगाग्निमयं शरीरम्' अर्थात जिसका शरीर योग की अग्नि से तपकर सुदृढ़ हो गया हो, उसके पास न रोग आता है, न समय से पहले बुढ़ापा और न ही दुर्बलता। यदि हमें रोगों और समय से पहले आने वाले बुढ़ापे से बचना है तो योग को नियमित रूप से अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी प्रदेश में योग दिवस कार्यक्रमों का नेतृत्व कर रही हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक लखनऊ में तथा प्रदेश सरकार के अन्य मंत्री और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी अलग-अलग जनपदों में योग दिवस कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों, 825 विकासखंड मुख्यालयों, 350 तहसीलों और 762 नगर निकायों में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जा रहा है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के अंत में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर नायिका रानी लक्ष्मीबाई की कर्मभूमि झांसी की पावन धरती से पूरे प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के सभी अधिकारीगण, झांसी के प्रबुद्धजन, प्रशासन एवं पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी, सुरक्षा बलों के जवान, युवा साथी, मातृशक्ति और प्रदेशवासी बधाई के पात्र हैं। यदि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बना लिया जाए तो व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक जीवन जी सकता है। उन्होंने सभी के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सांसद झांसी-ललितपुर अनुराग शर्मा, विधायक रवि शर्मा, विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत, विधायक बबीना राजीव सिंह पारीछा, विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा निरंजन, विधायक मऊरानीपुर डा0 रश्मि आर्य, विधान परिषद सदस्य राम तीर्थ सिंघल, महापौर बिहारी लाल आर्य, अध्यक्ष गौ सेवा संस्थान श्याम बिहारी गुप्ता, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, महानगर अध्यक्ष सुधीर सिंह सहित सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश अवस्थी, एडीजी श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, प्रमुख सचिव आयुष विभाग रंजन कुमार, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, आईजी आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी गौरांग राठी, विशेष सचिव मुख्यमंत्री नवनीत चहल,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, उपाध्यक्ष जेडीए हिमांशु गौतम, नगर आयुक्त सुश्री आकांक्षा राणा ,मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एडीएम प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल, एडीएम न्याय अरुण कुमार गौड़, एडीएम नमामी गंगे योगेश कुमार, आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ योग में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर झांसी नगर के विभिन्न संगठन/ व्यापारिक संगठन के सदस्यगणों एवं स्कूली बच्चे, गणमान्य नागरिकों ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718